दिल्ली पुलिस के एएसआई के सूने मकान में चोरों ने लगाई सेंध

लाखों रूपए का सामान किया पार

खेतड़ी, (निसं) सिंघाना थाना क्षेत्र के हुक्मा की ढाणी में बीती रात को चोरों ने दिल्ली पुलिस के एएसआई के मकान को निशाना बनाकर वारदात को अंजाम दिया है। इस दौरान चोर लाखों रुपए का सामान पार कर ले गए।

घटना की सूचना पर सिंघाना पुलिस ने हुक्मा की ढाणी पंहुच कर घटनास्थल का मौका मुआयना किया है। हुक्मा की ढाणी निवासी गिरधारी लाल ने बताया कि उसका भाई हरिसिंह दिल्ली पुलिस में एएसआई के पद पर कार्यरत है। वह अपने परिवार के साथ दिल्ली में रहता है तथा गांव में सिंघाना -चिड़ावा सड़क के पास मकान बनाया हुआ है। पिछले दो दिन से मकान में लगे कैमरे बंद होने के कारण गुरूवार को उसने चिड़ावा में रहने वाली पुत्रवधू को घर भेजा तथा कैमरे ठीक करवाने की बात कही। उसकी पुत्रवधू शाम को कैमरे ठीक करवाकर चिड़ावा चली गई। इसी दौरान मकान को सूना देख रात करीब आठ बजे दो युवक हरिसिंह के मकान में घुस गए। इस दौरान दोनों युवकों ने अपने फोन की लाइट जलाकर पूरे मकान की तलाशी ली तथा उसमें रखे सामान को लेकर फरार हो गए। सुबह जब गिरधारी लाल मकान को संभालने के लिए आया तो देखा की मुख्य दरवाजे का ताला टुटा हुआ है। जब उसने घर के अंदर जाकर देखा तो सारा सामान भी बिखरा हुआ था। घटना की सूचना उसने अपने भाई को दी तो उसने सिंघाना पुलिस को फोन कर घटना की जानकारी दी। चोरी की सूचना पर थानाधिकारी कैलाश चंद यादव मय जाब्ते के मौके पर पहुंचे तथा घटनास्थल का मौका मुआयना किया।

सिंघाना थाना क्षेत्र के हुक्मा की ढाणी में बीती रात को चोरों ने दिल्ली पुलिस के एएसआई के मकान में चोरी की ।

■ दो बार पहले भी हो चुकी है वारदात

गिरधारी लाल ने बताया कि इससे पहले भी चोर दो बार चोरी की वारदात को अंजाम दे चुके है, लेकिन चोरों का सुराग नहीं लग पाने के कारण चोर बार बार वारदात को अंजाम दे रहे है। थानाधिकारी ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज में दो युवक वारदात करते दिखाई दिए हैं। जिनके बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। पीड़ित की ओर से रिपोर्ट देने पर मामला दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

नाबालिग से रेप का आरोपी गिरफ्तार

बीकानेर, (कासं)। सरकारी स्कूल की नाबालिग लड़की को शराब पिलाकर गैंगरेप करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

लूणकरनसर पुलिस के अनुसार रणजीत उर्फ बबलू नायक पुत्र रामस्वरुप उम्र 26 वर्ष निवासी पींपेरा मलकीसर को गिरफ्तार कर लिया है। वारदात में शामिल एक अन्य दुराचारी की तलाश जारी है। दो दिन पूर्व रणजीत उर्फ बबलू और एक अन्य युवक ने नौवीं क्लास की सरकारी स्कूल की छात्रा परीक्षा के बाद बस स्टैंड पर खड़ी थी। वहां से अपहरण कर सूनसान क्षेत्र में ले जाकर जबरन शराब पिलाकर गैंगरेप किया था। वारदात के बाद आरोपी नाबालिग को रेलवे स्टेशन पर पटक कर फरार हो गए थे। वहीं नौकरी के लिए प्रतियोगी परीक्षा में डमी उम्मीदवार बैठाने के बाद अब स्कूल-कॉलेज की नियमित परीक्षाओं में भी डमी कैंडीडेट सामने आने लगे हैं। ताजा मामला बीकानेर के कोलायत में सामने आया है। यहां आदेश महाविद्यालय में परीक्षाएं चल रही है। एक स्टूडेंट पर संदेह हुआ तो रिकार्ड से मिलान किया गया। पता चला कि परीक्षा देने आया युवक वह नहीं है जिसका एडमिट कार्ड जारी हुआ है। पूछताछ की तो डमी छात्र की पोल खुल गई।

गांव ख्याली में पेयजल संकट गहराया

मलसीसर, 26 अप्रैल (निसं.)। प्रशासन की अनदेखी के कारण मलसीसर उपखंड की ठाम पंचायत बाडेट के गांव ख्याली में गर्मी शुरू होते ही पेयजल आपूर्ति गड़बड़ा चुकी है।

■ पीने का पानी नहीं मिलने से ग्रामीण परेशान

ख्याली गांव में नियमित रूप से पेयजल सप्लाई नहीं होने से यहां पीने के पानी की समस्या दिनों दिन बढ़ती ही जा रही है। जबकि यहां के जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के कानों पर कोई जूं तक नहीं रेंग रही है। ख्याली के राजेंद्र सिंह शेखावत ने बताया कि गांव में छह दिन में सिर्फ एक बार आधा घंटा पानी की सप्लाई की गई है। इस दौरान यहां केवल दो घड़े ही पानी के भरे जाते हैं। इस कारण यहां गरीब लोगों को बहुत परेशानी हो रही है। राजेन्द्र सिंह शेखावत ने बताया कि पेयजल आपूर्ति करने में संबंधित कर्मचारी और अधिकारी भारी लापरवाही बरत रहे हैं। उनके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए ताकि गांव वालों को समय पर पूरा पेयजल मिल सके। इस संबंध में सरपंच प्रतिनिधि यज्ञपाल को अवगत करवाने पर उन्होंने कहा कि बात करके बताता हूं। ख्याली गांव में पेयजल व्यवस्था सुचारू करवाने के लिए विकास अधिकारी, एडीएम झुंझुनूं, मलसीसर उपखंड अधिकारी और झुंझुनूं कलेक्टर सहित मुख्यमंत्री को भी मेल भेजकर अवगत करवाया गया है। अब देखना यह है कि जनप्रतिनिधि और अधिकारी ख्याली गांव में पेयजल की समस्या का समाधान कब करवाते हैं, या फिर कोरी बातें करके अपनी रोटियां ही सेकते रहेंगे।

इनामी बदमाश पकड़ा

बीदासर। कस्बे में लगातार हो रही चोरियों पर अंकुश लगाने को लेकर जिला पुलिस अधीक्षक जय यादव के विशेष निर्देश पर पुलिस ने दस हजार रूपये इनामी शातिर नकबजन को गुरूवार की देर शाम गिरफ्तार किया है। चोरियों के मामले में थानाधिकारी कैलाश चंद यादव के सुपर विजन में टीम गठित कर गांव साण्डवा की रोहीयों में सुजानगढ वार्ड तीन के निवासी भरत बुडिया को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी कैलाश चंद यादव ने बताया कि नकबजनी के आरोप में गिरफ्तार किए गए भरत बुडिया को शुक्रवार को न्यायालय में पेश करने पर न्यायालय ने पांच दिवस की पीसी रिमांड पर दिया है। बुडिया के खिलाफ जिले के आधा दर्जन पुलिस थानों में मामले दर्ज है। बुडिया की गिरफ्तारी में थानाधिकारी यादव के साथ एचसी कुम्भाराम मीणा, कांस्टेबल छगनलाल, मामराज, लीलाधर शर्मा, भागीरथ राम के साथ कांस्टेबल अशोक कुमार की विशेष भूमिका रही।

विज्ञान भवन की आधारशीला का पूजन किया

बीदासर। कस्बे के वार्ड न 01स्थित श्री जेठमल जीवराज सेखानी उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर विद्यालय में सेखानी परिवार द्वारा विद्यालय परिसर में विज्ञान भवन की आधारशीला का पूजन किया गया।

आदर्श शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष मदनलाल प्रजापत व भामाशाह परिवार से हनुमानमल बैद ने विज्ञान भवन की आधारशीला रखी । पं धर्मेन्द्र दाधीच व आचार्य कुलदीप शर्मा ने मंत्रोच्चार कर पूजा सम्पन्न करवाई । इस अवसर पर आदर्श शिक्षण संस्थान के सचिव त्रिविक्रम अपूर्वा स्थानीय समिति के व्यवस्थापक महेश शर्मा ने सेखानी परिवार को धन्यवाद देते हुए कहा कि बीदासर क्षेत्र के लिए सेखानी परिवार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में बहुत ही सराहनीय कार्य किया है।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य धनराज दर्जी , जगदीश नाथ सिद्ध, रूपाराम जाट , लक्ष्मीकांत सारड़ा, रामावतार प्रजापत ,दयाशंकर जोशी ,ओम प्रकाश खरे हुकमीचंद गुर्जर , संदीप सुथार ,नवदीप बैंगनी सहित नगर के गणमान्य नागरिक व विद्यालय के आचार्य दीदी उपस्थित रहे।

आदर्श विद्या मंदिर विद्यालय में सेखानी परिवार द्वारा विद्यालय परिसर में विज्ञान भवन की आधारशीला का पूजन किया गया।

शारीरिक शिक्षा में अग्रणी रहने वाले विद्यार्थियों का होगा सम्मान

सीकर। शहर के पिपराली रोड स्थित श्री एज्यूकेशन एकेडमी में होने वाले वार्षिक उत्सव फ्लूटर्स 2024 में शिक्षा के साथ सनातन बौद्धिक एवं शारीरिक शिक्षा में अठाणी छात्र-छात्राओं का सम्मान किया जाएगा

शिक्षा के साथ सनातन बौद्धिक एवं शारीरिक शिक्षा देने वाली एकमात्र संस्थान श्री एजुकेशन एकेडमी का वार्षिक उत्सव 27 अप्रैल को लोहार्गल पीठाधीश्वर अवधेशाचार्य महाराज के सानिध्य में आयोजित होगा । आयोजित प्रेस वार्ता में संस्था के चेयरमैन डॉक्टर मक्खनलाल जांगिड़ ने बताया कि 27 अप्रैल को होने वाले इस वार्षिक उत्सव में संत सानिध्य लोहार्गल पीठाधीश्वर स्वामी अवधेशाचार्य महाराज का रहेगा इस कार्यक्रम में अतिथि के रूप में स्वायत शासन राज्य मंत्री झाबर सिंह खर्रा, सीकर सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती, खंडेला विधायक सुभाष मील, धोद विधायक गोवर्धन वर्मा, विश्वकर्मा कौशल विकास बोर्ड अध्यक्ष रामगोपाल सुथार रहेंगे इसके अलावा अनेक सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि, शिक्षा जगत के गणमान्य व्यक्ति, छात्र-छात्राओं के अलावा अभिभावक उपस्थित रहेंगे। इस कार्यक्रम में प्रतिभावान विद्यार्थियों को पुरस्कार दिए जाएंगे।

बच्चो की रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां रहेगी। लोहार्गल पीठाधीश्वर स्वामी अवधेशाचार्य जी ने कहा कि श्री एज्यूकेशन का शिक्षा के साथ सनातन संस्कृति का प्रसार करना सराहनीय है । सनातन का अर्थ है - शाश्वत या सदा बना रहने वाला, अर्थात् जिसका न आदि है न अन्त। सनातनी वह है जो शाश्वत सत्य से संबंधित है या उससे जुड़ा हुआ है।

जागरूकता, ध्यान और कर्म हमें सनातनी बनाते हैं, क्योंकि हम हर पल नया महसूस करते हैं और फूल की तरह खिलते हैं। बच्चो में आजकल पढ़ाई का बोझ इस कदर हावी हो गया कि वो किताबो में ही सिमट कर रह गया। बच्चो को इस तरह के आयोजन करके संस्कृति से जोड़ना अच्छा प्रयास है। प्रेस वार्ता में संस्था के डायरेक्टर महेश जांगिड़, प्रिंसिपल गरिमा जांगिड़, ट्रेजरार कमला जांगिड़ उपस्थित रहे।

मासिक कीर्तन का आयोजन

सीकर। सामाजिक कार्यों में अठाणी महिला संस्था मारुति सखी मंडल द्वारा मासिक कीर्तन का आयोजन सदस्य समाजसेवी सरिता खेतान के आवास पर किया गया । संस्था की संस्थापक सन्नू मोदी ने बताया कि इस महिला ठ्राप में 27 महिला सदस्य है । हर महीने जिस सदस्य का नंबर होता है उसके घर सुंदरकांड पाठ किया जाता है इससे घर में सात्विक ऊर्जा का संचार होता है। सदस्य सरिता खेतान ने बताया कि इस ठ्राप की शुरुआत 15 साल पहले 10 सदस्य से हुई थी आज धीरे धीरे सखी मंडल का परिवार बढ़ चुका है इस ठ्राप में सास भी है बहु भी है इसमें सभी सदस्यों ने इस बार गर्मी के मौसम में पक्षियों की सेवा का संकल्प लिया है इस कीर्तन में सदस्य आनंदी सुनीता बंसल सरिता संतोष प्रेम वीना उर्मिला कांता प्रभा खेतान शशि रावत किरण आदि उपस्थित रही ।

चूरू में 30 ग्राम हेरोईन के साथ 5 गिरफ्तार

चूरू। (कासं.)। सदर थाना पुलिस ने 30 ठ्राम हेरोईन के साथ 5 जनों को गिरफ्तार किया है।

यहां जिला पुलिस अधीक्षक चूरू जय यादव आईपीएस ने बताया कि लोकसभा चुनाव 2024 के मध्यनजर जिला स्तर पर अवैध मादक पदार्थ के खिलाफ अभियान के तहत लोकेन्द्र दादरवाल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चूरू, सुनील कुमार झाझडिया वृताधिकारी वृत चूरू के निकटतम सुपरविजन में डीएसटी टीम की आसूचना पर डीएसटी टीम बलवन्त उनि थानाधिकारी पुलिस थाना सदर चूरू के नेतृत्व में थाना की टीम ने एनएच 52 पर नांकाबंदी की। इस दौरान राजगढ की तरफ से आ रही एक कार को रूकवाकर चैक किया गया तो कार में छुपाकर रखा 30 ठ्राम हेरोईन (चिट्टा) मिला। इस पर पुलिस ने मोहम्मद अख्तर पुत्र हाजी यासीन जाति कायमखानी उम्र 38 साल निवासी नई सडक वार्ड नम्बर 26 चूरू पुलिस थाना कोतवाली चूरू, शहनवाज पुत्र नजीर खां जाति कायमखानी उम्र 27 साल निवासी लोहिया कॉलेज के पीछे वार्ड नम्बर 24 चूरू थाना कोतवाली चूरू, मोहम्मद फिरोज जाति कायमखानी उम्र 36 साल निवासी लोहिया कॉलेज के पीछे वार्ड नम्बर 24 चूरू थाना कोतवाली चूरू, सोयल खान जाति कायमखानी उम्र 25 साल निवासी लोहिया कॉलेज के पीछे वार्ड नम्बर 24 चूरू थाना कोतवाली चूरू और ईलियास जाति कायमखानी उम्र 37 साल निवासी मोहल्ला व्यापारियान श्याम हॉल के पीछे वार्ड नम्बर 18 चूरू थाना कोतवाली चूरू को गिरफ्तार कर लिया।

हथियारबंद बदमाशों की लूट की कोशिश विफल, एक को पकड़ा

बीकानेर,(कासं)। जिले की खाजूवाला में हथियारबंद बदमाशों ने दिन-दहाड़े एक व्यक्ति के साथ लूटपाट की कोशिश की लेकिन कामयाब नहीं हो सके। घरवाले व मोहल्ले के लोग बदमाशों से भिड़ गए। बदमाशों ने मिर्ची भी झोंकी लेकिन लोग उनसे भिड़े ही रहे। हालात बिगड़ते देख दो बदमाश भाग गए। जबकि एक बदमाश लोगों के हत्थे चढ़ गया। लोगों ने उसकी जमकर धुनाई की। वारदात का पता चलने पर खाजूवाला पुलिस मौके पर पहुंची। तब लोगों ने बदमाश को पुलिस को सौंपा। पुलिस के अनुसार वार्ड नंबर पांच में साजन झोरड़ का घर है। गुरूवार शाम को वह जमीन की रजिस्ट्री के संबंध में अपने दो अन्य रिश्तेदारों के साथ घर से कार में रवाना हुए। कार के घर के मुख्य द्वार से निकलते ही एक अन्य कार उनकी कार आगे आकर रूकी। कार में से तीन बदमाश नीचे उतरे। बदमाशों ने उनके साथ मारपीट करनी शुरू कर दी। साथ ही उनके पास मौजूद से रूपयों से भरे बैग को छीनने की कोशिश की। बदमाशों के पास हथियार थे, लेकिन साजन डरे नहीं। वे हिम्मत कर बदमाशों से भिड़ गए। इसी दौरान शोर-शराबा सुनकर घर के अन्य सदस्य और मोहल्ले के लोग भी आ गए। तब बदमाश कार छोड़कर भागने लगे। ग्रामीणों ने एक बदमाश को दबोच लिया और उसकी जमकर धुनाई की। बदमाशों को पूरी जानकारी थी कि पीड़ित साजन झोरड़ के पास लाखों रूपए हैं, जो जमीन की रजिस्ट्री कराने वाले हैं। रजिस्ट्री कराने के लिए घर से निकलते ही बदमाशों ने उन पर धावा वोल दिया।

सुजानगढ़ शहर की बिगड़ी ट्राफिक व्यवस्था

सुजानगढ । शहर के मुख्य मार्गो पर बने कॉम्पलेक्सो के बाहर बेतरतीब खडे होने वाले वाहनों से शहरवासी परेशान है। नियमों को ताक पर रखकर बनाए गये कॉम्पलेक्सों में पार्किंग की सुविधा नहीं होने के कारण शहर की सडको पर खडे होने वाले वाहनों से लगने वाला जाम अब शहर के लिए नासूर बनता जा रहा है।

बात करें शहर के स्टेशन रोड के पास राठी हॉस्पिटल, एचडीएफसी बैंक, एयू बैंक, अग्रसेन टॉवर, गौरव टॉवर, सरकारी अस्पताल के पास, धनलक्ष्मी कॉम्पलेक्स, सुमेरू कॉम्पलेक्स सहित शहर के अन्य व्यवसायिक कॉम्पलेक्स के बाहर दिनभर 600०० से 700०० बाईक्स अव्यवस्थित तरीके से बाईक व गाडियां खडी रहती है। शहर के संकडे मार्गो पर इस तरीके से वाहनों के खडे रहने से हर वक्त जाम की भी स्थिती बनी रहती है। इस समस्या को लेकर शहर के जागरूक लोगो ने कहा कि मुख्य बाजार, स्टेशन रोड मार्ग पर डिवाईडर के निर्माण के कारण वाहनों की पार्किंग से रास्ते और छोटे गए है। जिनमें बदहाल ट्राफिक व्यवस्था के कारण लोग जाम में फंसे रहते है। जाम में फंसे लोग खुद ही सडक पर खडे वाहनों को साइड में खडा करके जाम की स्थिती से निजात पाते है। शहर की इस ज्वलंत समस्या पर जिम्मेदार भी ध्यान नही दे रहे है। जिस कारण हर कोई इस लचर सिस्टम पर सवाल खडे करते हुए दिखाई देता है। पार्किंग एरिया में कॉम्पलेक्स मालिक बनाते है दुकान : शहर में बने व्यवसायिक कटलों के मालिक मोटी कमाई के चक्कर में नगरपरिषद की सह पर पार्किंग एरिया बेसमेंट में दुकानों का निर्माण कर लेते है। जबकि नगरपरिषद इन कॉम्पलेक्स मालिकों को पार्किंग की स्वीकृति प्रदान करता है। नगरपरिषद के अधिकारी भी निर्माण स्वीकृति जारी करने के बाद ना तो सेटबैक चेक करते है ना ही पार्किंग व्यवस्था। जिस कारण कटलों में दुकानदार व ग्राहक अपनी बाइक सडको पर लगाकर खरीददारी करते है।

दिलीप शर्मा, आयुक्त नगरपरिषद ने कहा कि सुजानगढ में कॉम्पलेक्स पुरानी आबादी व पुराने बाजार में बने हुए है। शहर के रास्ते थोडे संकडे है। इसके लिए हमने पेड पार्किंग शुरू करने का प्लान किया है। बाजार के आस-पास ओपन एरिया में पार्किंग डवलप करेंगे। ठेकेदार के द्वारा पार्किंग का काम करवायेंगे। नो पार्किंग एरिया में वाहन खडे होने पर उन्हें उठाकर पार्किंग एरिया में खडा करवाया जाएगा।

शहर के धनलक्ष्मी कॉम्पलेक्स व राठी अस्पताल के सामने बेतरतीब खडे वाहन।

चाईनीज मांझे की थोक व खुदरा बिक्री पर रोक

बीकानेर,(कासं)। जिला मजिस्ट्रेट एवं कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने जिले में धातु निर्मित मांझे की थोक व खुदरा बिक्री, भण्डारण, परिवहन तथा उपयोग को प्रतिबंधित करने के आदेश जारी किए हैं। चाईनीज मांझे के उपयोग से लोक स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं पशु पक्षियों को बचाने तथा विद्युत प्रसारण को बाधा रहित बनाने के लिए भारतीय दंड संहिता की धारा 144 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यह आदेश जारी किए गए हैं। आदेशानुसार जिले में इस प्रकार के मांझे का भण्डारण, विक्रय, परिवहन तथा उपयोग करने पर संबंधित के विरूद्ध सम्यक कानून के तहत कार्यवाही की जायेगी। साथ ही पक्षियों के विचरण की गतिविधियां मुख्यत: प्रात: 6 बजे से 8 बजे एवं सायं 5 बजे से 7 बजे के मध्य होती है। इसके मद्देनजर इस समय पतंग उड़ाने पर प्रतिबंध रहेगा। जिला मजिस्ट्रेट ने बताया कि पतंगबाजी के लिए धातुओं के मिश्रण से निर्मित मांझा (चाईनीज मांझा) प्रयुक्त किया जाने लगा है। इसके उपयोग से दुपहिया वाहन चालक तथा पक्षियों को अत्यधिक जानमाल का नुकसान हो सकता है। साथ ही विद्युत का सुचालक होने के कारण विद्युत तारों के सम्पर्क में आने से पतंग उड़ाने वाले को भी नुकसान और विद्युत सप्लाई में बाधा उत्पन्न हो सकती है। इसके मद्देनजर धारा 188 के अन्तर्गत अपराध करने वाले व्यक्ति एवं व्यक्तियों पर अभियोग चलाया जायेगा।

सार-समाचार

चिकित्सा परामर्श शिविर

भीखनसर। आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) में आयोजित योग एवम आयुर्वेद चिकित्सा परामर्श शिविर में महिलाओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। प्रभारी डॉ. रणधीर सिंह ने बताया योग प्रशिक्षिका अनिता कुमारी ने उपस्थित महिलाओं और बालिकाओं को महिला स्वास्थ्य के लिए लाभप्रद योगासनों की जानकारी देते हुए अभ्यास करवाया एवम औषधालय परिसर में नित्य होने वाले निशुल्क योगाभ्यास सत्र से अधिक से अधिक जुड़ने की अपील की।कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ पार्वती देवी , बनारसी देवी ,शारदा देवी के द्वारा किया गया। डॉ.रणधीर सिंह ने चिकित्सा परामर्श के साथ औषधालय के हर्बल गार्डन एवम उपलब्ध निशुल्क जांचों के बारे में जानकारी दी।इस अवसर पर सजना देवी , पुनम देवी , भगोती देवी , मोनिका, कंचन, नीलम, जयन्त, नीलम, जयन्त ,संतोष देवी,विक्रम धायल , मंजू देवी, रामप्यारी देवी आदि उपस्थित रही।

'गुड टच, बैड टच' की जानकारी दी

बीकानेर, (कासं)। राजस्थान के विद्यार्थियों को असुरक्षित स्पर्श के बारे में जागरूक करने के लिए 'गुड टच, बैड टच' अभियान के तहत स्पर्श मेंटोर तथा जिला प्रभारी सचिव नवीन जैन ने शुक्रवार को करणी नगर स्थित आरएन आरएसवी स्कूल में विद्यार्थियों से संवाद किया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों को जागरूक करते हुए टेक्नोलॉजी के दुष्प्रभाव और अच्छे तथा बुरे स्पर्श के प्रति महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद के दौरान बताया कि बच्चों के साथ होने वाले दुर्व्यवहार के आंकड़े बहुत चौंकाने वाले हैं। इसलिए बच्चों को इस दिशा में स्वयं जानकर आगे आना होगा तथा गलत का विरोध करना सीखना होगा। उन्होंने कहा कि इस कैम्पेन के तहत अब तक 65 लाख से अधिक बच्चों को सरकारी स्कूलों के माध्यम से तथा 15 लाख से अधिक बच्चों को स्पर्श वॉलिंटियर्स द्वारा गुड टच एवं बैड टच की जानकारी दी गई है। लगातार तीन चरणों में चले इस अभियान ने सफलता अर्जित की है। भावी शिक्षकों के लिए इस कैम्पेन के महत्व पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि इसी को दृष्टिगत रखते हुए कैम्पेन को भावी शिक्षकों के लिए भी बढ़ाया जा रहा है ताकि स्कूलों में शिक्षकों के माध्यम से इस जानकारी का आधिकारिक प्रचार प्रसार हो सके। इस दौरान बीकानेर स्पर्श टीम से डॉ मुदिता पोपली, चंद्रप्रभा, सोनू राजपुरोहित, नवाब अली भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में प्रशिक्षु आईएएस यक्ष चौधरी तथा सांख्यिकी विभाग के उपनिदेशक सुशील शर्मा ने भी शिरकत की। अंत में स्कूल निदेशक पार्थ मिश्रा, व्यवस्थापक रामलाल स्वामी, शाला प्राचार्य बिन्दु विश्नोई ने श्री जैन को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

उद्यम वित्तपोषण पर कार्यशाला

श्रीगंगानगर, (कासं)। भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा 24-25 अप्रैल 2024 के दौरान श्रीगंगानगर जिले में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को वित्तपोषित करने वाली शाखाओं के अधिकारियों के लिए क्षमता निर्माण पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन भारतीय रिज़र्व बैंक जयपुर के उप महाप्रबंधक विकास अग्रवाल द्वारा किया गया। इस दौरान भारतीय रिज़र्व बैंक के सहायक महाप्रबंधक अनिता शर्मा एवं प्रबंधक गौरव सोमनाथ धूत, जिला उद्योग केन्द्र से उप महाप्रबंधक दिव्या शर्मा, पंजाब नेशनल बैंक के उप मण्डल प्रमुख सतपाल मेहता, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्रीय प्रमुख रॉबिन पूनिया, राजस्थान मरुधरा ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय प्रमुख अतुल सरदाना, श्रीगंगानगर जिले के अग्रणी जिला प्रबंधक एन. सी. जैन भी उपस्थित थे। कार्यशाला का उद्देश्य एमएसएमई से डील करने वाले बैंक अधिकारियों में एमएसएमई को वित्तपोषित करने से संबंधित विभिन्न दिशा-निर्देशों को लेकर जागरूकता पैदा करना है। कार्यशाला में श्रीगंगानगर जिले में स्थित विभिन्न बैंकों के एमएसएमई से डील करने वाले लगभग 45 बैंकर्स ने सहभागिता की। इस दौरान एमएसएमई पर भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशा निर्देश अकाउंट एग्रीगेटर, सिडबी द्वारा सीजीटीएमएसई, राज्य में एमएसएमई वित्त पोषण, क्रेडिट रेटिंग, इनवॉयसमेंट के प्रतिनिधि द्वारा टीआरईडीएस एवं बीओबी जयपुर के प्रतिनिधि द्वारा एनपीए प्रबंधन आदि विषयों पर सत्र आयोजित किए गए। सभी प्रतिभागियों द्वारा इन सत्रों की भरपूर सराहना की गई।

रेबीज टीकाकरण शिविर आज

बीकानेर, (कासं)। राजस्थान पशुचिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, बीकानेर में शनिवार को 'पशुचिकित्सक आवश्यक स्वास्थ्य कार्यकर्ता' विषय पर विश्व पशुचिकित्सा दिवस मनाया जायेगा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। निदेशक क्लीनिक्स प्रो. प्रवीण बिश्नोई ने बताया कि विश्व पशुचिकित्सा दिवस के अवसर पर वेटरनरी महाविद्यालय, बीकानेर के क्लीनिक्स में 27 अप्रैल को प्रात: 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक टीकाकरण शिविर का आयोजन किया जायेगा। जिसमें श्वानों के रेबीज रोधी टीके नि:शुल्क लगाये जायेंगे। अत: श्वान पालक अधिक से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस शिविर का लाभ उठाएं तथा रेबीज जैसी जानलेवा संक्रामक बीमारी को नियंत्रण करने में अपना सहयोग दें।

पोषाहार के लिए खाद्यान्न आंवटन

सीकर। जिला कलेक्टर (रसद) कमर उल जमान चौधरी ने आदेश जारी कर अप्रेल से जून 2024 के लिए जिले में एक से 5 तक के छात्र-छात्राओं के लिए गेहूँ,चावल 461.0 क्विंटल, कक्षा 6 से 8 के लिए 563.0 क्विंटल, बाल वाटिका के लिए 10.10 क्विंटल पोषाहार के लिए खाद्यान का आंवटन पंचायत समितिवार किया है। थोक विक्रेताओं द्वारा भारतीय खाद्य निगम डिपो से अच्छी गुणवत्ता का खाद्यान्न उठाकर बीईओ द्वारा जारी आंवटन आदेश के अनुसार विद्यालयों में पोषाहार की आपूर्ति तोल कर की जावेगी।

शेखावाटी में गर्मी ने तेवर दिखाए

चूरू (कासं.)। शेखावाटी में गर्मी ने अपने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। मौसम विभाग के अनुसार चूरू में आज अधिकतम तापमान 41.4 डिठ्री सेल्सियस व न्यूनतम तापमान 23.6 डिठ्री सेल्सियस दर्ज हुआ है। आज यहां दोपहर 12 बजे से पहले ही लोग पसीने से तर रहे। रही-सही कसर बिजली विभाग वालों ने बार-बार अघोषित बिजली काटकर पूरी कर दी। ऐसे में आमजन को बहुत परेशानी हुई। यहां बिजली विभाग ने रीको को भी नहीं छोड़ा, रीको एरिया में शाम होने के बाद बार-बार बिजली गुल हुई। बाजारों में भी कोई रौनक वाली बात नहीं दिखी। लोग धूप से से बचने के लिए सिर को कपड़े से ढककर ही निकले। अभी आने वाले दिनों में पारे में और बढ़ोतरी होगी।

पोषाहार के लिए खाद्यान्न आंवटन

सीकर। जिला कलेक्टर (रसद) कमर उल जमान चौधरी ने आदेश जारी कर अप्रेल से जून 2024 के लिए जिले में एक से 5 तक के छात्र-छात्राओं के लिए गेहूँ,चावल 461.0 क्विंटल, कक्षा 6 से 8 के लिए 563.0 क्विंटल, बाल वाटिका के लिए 10.10 क्विंटल पोषाहार के लिए खाद्यान का आंवटन पंचायत समितिवार किया है। थोक विक्रेताओं द्वारा भारतीय खाद्य निगम डिपो से अच्छी गुणवत्ता का खाद्यान्न उठाकर बीईओ द्वारा जारी आंवटन आदेश के अनुसार विद्यालयों में पोषाहार की आपूर्ति तोल कर की जावेगी।

दहेज प्रथा को खत्म करने की अनूठी पहल

सीकर । ग्राम पुरा छोटी में त्रिलोक सिंह शेषमा, वरिष्ठ अध्यापक ने अपने बेटे हरीश शेषमा, बैक मैनेजर की बिना दहेज एक रुपए नारियल लेकर शादी कर मिसाल पेश की है। वहीं अपनी बहू कविता झाझडिया पुत्री गोपाल सिंह निवासी फतेहपुरा धोद को मुंह दिखाई में क्रेटा कार गिफ्ट की है। इस प्रकार बिना दहेज शादी कर उन्होने समाज में अच्छा संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि समाज से दहेज प्रथा को खत्म करने के लिए यह पहल की है।